# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बज

---

**<u>मुख्य समाचार :—</u>**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज और राष्ट्र के चहुंमुखी विकास के लिये शिक्षा को बताया जरूरी : युवाओं से की ड्रग्स आर स्मार्टफोन के नशे से बचने की अपील।
2. यूनेस्को ने दीपावली को सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में किया शामिल : मुख्यमंत्री ने इसे बताया गर्व का पल, कहा— अयोध्या से ही शुरू हुई इस उत्सव की ऐतिहासिक परम्परा।
3. राज्य मंत्रिमंडल ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से 19 दिसम्बर से विधानमंडल के शीतकालीन सत्र को दी मंजूरी : सदन में दस से अधिक विधेयक रखेगी सरकार।

और

4. टिहरी पम्प स्टोरेज प्लांट की तीसरी यूनिट का केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किया शुभारंभ : प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा— उत्पादन से 25 प्रतिशत बिजली हासिल करेगा उत्तर प्रदेश।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज युवाओं के सामने दो चुनौतियां हैं। एक ड्रग्स का नशा और दूसरा स्मार्टफोन के नशे से बचकर ही युवा अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर पाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आज गोरखपुर में महायागी गोरक्षनाथ विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित मुख्य महोत्सव की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के चहुमुखी विकास के लिये शिक्षा जरूरी है। बाइट...

*शिक्षा समग्र विकास का माध्यम होना चाहिए। पहले दिन से महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने इस कार्यक्रम को अपने जीवन का ध्येय बनाया। महाराणा प्रताप जैसे स्वदेश और स्वधर्म के लिए समर्पित महायोद्धा को देश के सामने धर्म के सामने जब भी संकट आता है हर भारतीय के मुंह से अपने जिन महापुरुषों का स्मरण संकट के इस दौर में हो उठता है उसमें महाराणा प्रताप छत्रपति शिवाजी महाराज गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का नाम हर भारतीय श्रद्धा और पूरे विश्वास के साथ लेता है।*

इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। इस युवा पीढ़ी के दम पर वर्ष 2047 तक भारत को अर्थव्यवस्था और तकनीक के क्षेत्र में दुनिया में पहले स्थान पर आने से, विश्वगुरु बनने में मदद मिलेगी।

———————————

प्रदेश के परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को विद्यालय शुरू होने के एक घंटे के अंदर ऑनलाइन हाजिरी लगानी अनिवार्य होगी। इस संबंध में शासन ने ऑनलाइन डिजिटल उपस्थिति प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये हैं। शासन ने यह दिशा–निर्देश उच्च न्यायालय के आदेश के बाद गठित समिति की रिपोर्ट के आधार पर जारी किये हैं। शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करने की जिम्मेदारी सीधे तौर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक की होगी। हालांकि नेटवर्क समस्या होने पर ऑफलाइन हाजिरी का विकल्प भी मिलेगा और बगैर शिक्षकों का पक्ष सुने कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी। इस नई ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था का असर राज्य के लगभग एक लाख 33 हजार परिषदीय विद्यालयों और करीब साढ़े चार लाख शिक्षकों पर पड़ेगा।

———————

भारत के प्रमुख सांस्कृतिक और आध्यात्मिक त्योहारों में से एक, दीपावली को आज संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन–यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए इसे गर्व का पल बताया है। श्री योगी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति व परंपरा की महत्ता को विश्व पटल पर

और अधिक मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उत्तर प्रदेश के लिए इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अयोध्या प्रभु श्रीराम की पावन भूमि है। यहीं पर दीपावली की पहली ऐतिहासिक उत्सव परंपरा की शुरुआत हुई थी।

————————

राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। राज्य मंत्रिमंडल ने 'बाई सर्कुलेशन' के ज़रिए इस सत्र की तिथियों को मंजूरी दे दी है। एक रिपोर्ट....

*उत्तर प्रदेश विधान मंडकल का शीत कालीन सत्र 19 दिसम्बर से शुरू होगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अनुमोदन के बाद सत्र की तिथियों की आधिकारिक अधिसूचना जारी की जाएगी। शीतकालीन सत्र 24 दिसम्बर तक जारी रहेगा। सत्र की संक्षिप्त अवधि के मद्देनज़र राज्य सरकार ने अपनी प्राथमिकतायें साफ कर दी हैं। 22 दिसम्बर को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। इसमें कई विभागों की अतिरिक्त आवश्यकताओं के लिए धनराशि की मांग की जाएगी। इसके अलावा राज्य सरकार सदन में 10 से अधिक विधेयक भी रखेगी, इनमें कुछ पुराने लंबित विधेयक और नये प्रस्ताव शामिल बताये जा रहे हैं। माना जा रहा है कि सत्र के दौरान सरकार सदन में संभल में पिछले वर्ष हुई हिंसा की न्यायिक जांच के लिये बनाये गये आयोग की रिपोर्ट भी पेश कर सकती है। समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।*

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ हो आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

देश की पहली वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज परियोजना–टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट की तीसरी यूनिट का वाणिज्यिक संचालन आज केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर और प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा को वर्चुअल उपस्थिति में शुरु हुआ। श्री शर्मा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कहा कि भारत तेज गति से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है, और टिहरी परियोजना इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। श्री शर्मा ने बताया कि इस इकाई के उत्पादन से 25 प्रतिशत बिजली उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगी, जिससे राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में बड़ी मदद मिलेगी।

——————————

राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का कार्य तेजी से जारी है। उप–मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज मैनपुरी में एसआईआर को लेकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश के सभी बूथों पर जाकर बीएलओ की मदद कर रहे हैं। श्री पाठक ने कहा कि एसआईआर लोकतंत्र की शुचिता के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग मतदाता सूची को पारदर्शी तरीके से बनाने

का कार्य कर रहा है। वहीं राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि गणना चरण के दौरान 98 दशमलव एक चार प्रतिशत डिजिटाइजेशन का काम पूरा कर लिया गया है। उन्होंने मृत, शिफ्टेड और अनुपस्थित मतदाताओं के सत्यापन के लिए राजनतिक दलों से सहयोग की अपील की है। एसआईआर प्रक्रिया का कल आखिरी दिन है।

————————

लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल बनकर तैयार है। 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर इसका उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज लखनऊ विकास प्राधिकरण में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने प्रशासनिक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, परिवहन, जनसुविधा और संचार व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

————————

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के क्रम में आज तमिलनाडु से पांचवां दल वाराणसी पहुंचा। दल में कलाकार और व्यवसायी शामिल हैं, जिन्हें मंदिर प्रशासन द्वारा काशी विश्वनाथ धाम के भव्य कॉरीडोर का भ्रमण करवाया गया। और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से...

*काशी तमिल संगमम 4.0 के अंतर्गत आयोजित ऐतिहासिक कार रैली, ऋषि अगस्त्य वाहन यात्रा आज काशी पहुंची। नमो घाट पहुंचने पर, वाराणसी के*

*आयुक्त श्री राजलिंगम ने कार रैली के प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया, लगभग 15–20 कारों और लगभग 100 प्रतिभागियों वाली इस रैली ने कुल 2,460 किलोमीटर की दूरी तय की। यह यात्रा महर्षि अगस्त्य से जुड़े ऐतिहासिक मार्ग पर चली, जो भारतीय ज्ञान परंपरा में तमिलनाडु के महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाती है। इसके पूर्व काशी तमिल संगमम् के पाँचवे समूह के आगमन पर काशी विश्वनाथ मंदिर के शास्त्रियों ने पुष्प वर्षा डमरू और वेदध्वनी के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। सभी अथितियो ने हर हर महादेव और जय विश्वनाथ के साथ श्री विश्वेश्वर के चरणों में अपनी श्रद्धा व्यक्त की। स्वागत के उपरांत सदस्यों को मंदिर प्रशासन द्वारा काशी विश्वनाथ धाम के भव्य कॉरिडोर का विस्तृत भ्रमण करवाया गया। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी*

————————

**अम्बेडकर नगर जिले में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 645 जोड़ो का विवाह धार्मिक रीति रिवाज सम्पन्न कराया गया। और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से.....**

*मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब बेटियों के लिये वरदान बन गया है। अम्बेडकरनगर में आज 645 बेटियों की शादी कराई गई। शादी के बाद दूल्हा–दूल्हन और उनके परिजनों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। इन लोगों ने सरकार का आभार जताया। जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा, एमएलसी हरिओम पाण्डेय, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला सहित तमाम गणमान्य लोगों ने नवजोड़ों को आर्शिर्वाद दिया। अनुराग चौधरी आकाशवाणी समाचार अम्बेडकरनगर।*

————————

**बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ इलाके में आज दोपहर पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गये। यह दुर्घटना उस समय हुई जब लखनऊ से आजमगढ़ की तरफ जा रही कार विपरीत दिशा से आ रही दूसरी कार से टकरा गई। इससे दोनों वाहनों में आग लग गई।**